हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 24 जुलाई 2026

14 दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने शासन की ...



14 मातृभूमि की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं : उमेश





B.M. COLLEGE
BCA | BBA
PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
▸कोपा ▸इलेक्ट्रिशियन
▸हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸डीजल मैकेनिक
▸फायर टेक्नालॉजी
▸स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923
अंतिम तिथि-24/07/26

## आक्रोश : प्रदर्शन कर मांगा केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा

# केंद्र सरकार के खिलाफ छात्रों के पक्ष में कांग्रेसियों का धरना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और सांसदों के खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा की गई अलोकतांत्रिक व दमनकारी कार्रवाई के विरोध में गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के मार्गदर्शन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला के नेतृत्व में कांग्रेस भवन के सामने कांग्रेसियों ने ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान देशभर के छात्रों की समस्याओं और परीक्षाओं में हुई भारी धांधली को लेकर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी, आक्रोश और उग्र रुख देखने को मिला।

धरना प्रदर्शन को मुख्य रूप से संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला ने केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देश के करोड़ों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर ने कहा कि संसद से लेकर सड़क तक विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है। राहुल गांधी और हमारे सांसदों के खिलाफ की गई दमनकारी कार्रवाई इस बात का प्रमाण है कि केंद्र सरकार पूरी तरह डर चुकी है। पूर्व जिलाध्यक्ष एवं विधानसभा चुनाव 2023 की कांग्रेस उम्मीदवार रही डॉ. रश्मि चंद्राकर ने मंच से अपनी बात रखते हुए कहा कि परीक्षाओं में हुई धांधली की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अपने पद से तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए। ▸▸|शेष पेज 12 पर



**दमनकारी नीतियों और परीक्षा में धांधली के मुद्दे पर उपजा आक्रोश**

### ऐतिहासिक आंदोलन की चेतावनी : गुरमीत

शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शहर कांग्रेस देश के युवाओं और छात्रों के हक में हर स्तर पर संघर्ष करने के लिए तैयार है। केंद्र सरकार का रवैया बेहद अमानवीय और बर्बर है, जिसे देश की जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। यदि संसद में छात्र हितों पर तत्काल चर्चा नहीं की गई और हमारी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो यह आंदोलन और अधिक उग्र रूप अख्तियार करेगा।

### इन्होंने भी किया संबोधित

धरना प्रदर्शन के दौरान मंच से दाऊलाल चंद्राकर, संजय शर्मा, खिलावन बघेल, लक्ष्मी देवांगन, अमन चंद्राकर, गोपी तारक, राजू यादव, राजू साहू सहित अन्य स्थानीय वक्ताओं, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई और महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों ने भी अपनी बात रखी। वक्ताओं ने देशभर के छात्रों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए केंद्र के तानाशाही रवैये पर जमकर ऐतराज जताया और नारेबाजी की।

## खबर संक्षेप

### घर के सामने से बाइक चोरी

**महासमुंद।** घर के सामने से बाइक चोरी होने के मामले में बागबाहरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि सिवनी खुर्द निवासी कादिर खान ने 14 जुलाई को अपनी बजाज पल्सर 150 क्रमांक-सीजी 06 जीडब्लू 1322 को अपने दोस्त रजा खान झलप चौक व्यापारी तालाब वार्ड नं 2 बागबाहरा निवासी को निजी कार्य से दिया था, जिसने अपना काम करने के बाद 22 जुलाई को लगभग 01 बजे अपने घर के सामने खड़ा किया था। सुबह 04.30 बजे उठकर देखा तो बाइक उक्त जगह पर नहीं थी। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धार 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### घर घुसकर मारपीट, दस लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज

**महासमुंद।** प्रेम प्रसंग के बाद शादी से नाराज होकर कुछ लोगों ने सरायपाली में एक परिवार के लोगों के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी। मामले में दस आरोपियों के विरूद्ध सरायपाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी अमर सिंह कंधेर पिता टिकेश्वर कंधेर ने रिपोर्ट लिखाई है कि लड़के प्रहलाद कंधेर ने रोड़ा निवासी कुसुम दीवान के साथ निवासी रोड़ा थाना खल्लारी के साथ प्रेम प्रसंग के बाद सात जुलाई को शादी कर ली। 22 जुलाई की रात 09:40 बजे अचानक घर में भूपेंद्र दीवान अपने अन्य 09 साथियों के साथ उसके घर में घुसकर प्रहलाद के बारे में पूछताछ कर कहे लगे कि तुम्हारे लड़का उसकी बहन कुसुम दीवान को भगाकर ले आया है और घर की तलाशी लने लगे। प्रहलाद के नहीं मिलने पर गंदी गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुये प्रार्थी व उसकी बेटी बनिता दास, नाती विशाल दास के साथ मारपीट करने लगे। तब उन्होंने पुलिस को सूचना दी और पुलिस ने वहां आकर सभी लोगों को पकड़ा। इस दौरान पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम भूपेंद्र दीवान उर्फ सोनू दीवान पिता धरम सिंह दीवान (24 साल, गिरधर दीवान पिता बिसऊहा दीवान (58 साल), ऋतिक दीवान पिता संतोष दीवान (22 साल), इंद्र कुमार गोंड़ पिता स्व नरसिंह (29 साल), आलोक पटेल पिता टिटोली पटेल (34 साल), सितेंद्र दीवान पिता धरम सिंह दीवान (26 साल), पूनम दीवान पिता गिरधर दीवान (22 साल), चंचल दीवान पिता झावेंद्र दीवान (25 साल), तोरण कुमार दीवान पिता रैन सिंह (25 साल) सभी निवासी रोड़ा थाना खल्लारी और हीरा सिंह दीवान पिता भागवत दीवान (28 साल) निवासी सोनदादर थाना तेंदूकोना होना बताए। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 190, 191(2), 296, 331(6), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

### द्वितीय चरण

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में **द्वितीय चरण सत्र 2026-27** में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन | (Dialysis) डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| रायपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरायपाली | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| धमतरी | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| जगदलपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| बीजापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| कांकेर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| अंबिकापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| सूरजपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |

आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत : अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक | **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है |**

नोट :-

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे | साथ ही 55 रुपये का डाक टिकट लगा हूआ 10X4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर आवेदन और लिफाफे को एक लिफाफे में डालकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे | (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा |
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे |
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है |
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है | अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि दें |

आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 20.08.2026 तक |

आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-25.08.2026 तक |

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, प्रथम तल, मेहर हाइट्स, यश बिग बाजार एवं एसबीआई बैंक के पास, राज किशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495006
महोदय,
.................... (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम .................... 2. पिता / पति ....................
3. जन्म तिथि अंकों में .................... 4. वर्ग: - अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम ....................पोस्ट ....................तहसील ....................
थाना ....................जिला.................... पिन कोड ☐
मो. नं. 1 .................... मो. नं. 2 .................... वाट्सअप नं. ....................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ....................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)





**खबर संक्षेप**

### एमकॉम प्रावीण्य सूची में तेंदूकोना के प्रिंस ने बनाई जगह



**तेंदूकोना।** ग्राम के होनहार छात्र प्रिंस अग्रवाल ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की एम कॉम 2025 वार्षिक परीक्षा की प्रावीण्य सूची में नौवा स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने कुल 1455 अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय की टॉप-9 मेरिट सूची एवं बागबाहरा ब्लॉक प्रथम में जगह बनाई है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, महाविद्यालय और पूरे ग्राम में खुशी का माहौल है। प्रिंस शासकीय केयूल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के छात्र रहे हैं। वाणिज्य पर उनकी मजबूत पकड़ है। मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन के बल पर उन्होंने यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की। वर्तमान में वह अंजनेय यूनिवर्सिटी रायपुर से पीएचडी की पढ़ाई कर रहे हैं। प्रिंस ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों गुरुजनों और परिवार के सहयोग को दिया। उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य भविष्य में प्रोफेसर बनकर शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देना है।

# अवैध कब्जे से मुक्त हुई 4 एकड़ शासकीय घास भूमि, अब लगेंगे 10 हजार पौधे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झलप

ग्राम पंचायत लखनपुर में स्थित 4 एकड़ घास (शासकीय भूमि) को तहसीलदार के माध्यम से 4 पटवारियों के सहयोग से सीमांकन कराया गया।

उसके पश्चात ग्रामीणों के सहयोग से लगभग 4 एकड़ शासकीय घास भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने में सफलता हासिल की है। अब इस भूमि पर वीबी जी राम जी योजना के तहत इस भूमि के विकास एवं संरक्षण के लिए 4 लाख रुपए की लागत से सीपीटी (कंटूर पर्कोलेशन ट्रेंच)





नाली निर्माण की स्वीकृति भी प्राप्त हुई है। इस कार्य से जल संरक्षण के साथ पौधों की बेहतर वृद्धि में भी मदद मिलेगी। ग्राम पंचायत एवं पूरे गांव ने इस भूमि पर 10 हजार पौधे रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिससे भविष्य में अतिक्रमण से बचाव होगा। साथ ही पौधरोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र का विस्तार तथा भू-जल संवर्धन को बढ़ावा दिया जाएगा। इस उपलब्धि पर ग्राम पंचायत लखनपुर के सरपंच एवं समस्त ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा तथा शासन-प्रशासन के प्रति आभार माना।

# तिलक, आज़ाद की जयंती और स्व. बिसाहूदास महंत की पुण्यतिथि मनाई

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस के मार्गदर्शन में शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय कांग्रेस भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान देश की महान विभूतियों अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद एवं लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व पूर्व मंत्री स्व. बिसाहूदास महंत की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुरमीत चावला ने की। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सभी महान विभूतियों के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सभा को संबोधित करते हुए शहर अध्यक्ष गुरमीत चावला ने कहा कि लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने 'स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है' का नारा देकर देश में राष्ट्रवाद की अलख जगाई थी। वहीं, अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद का सर्वोच्च बलिदान देश के युवाओं को आज भी राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने आगे कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. बिसाहूदास



महंत का छत्तीसगढ़ के विकास और सामाजिक उत्थान में अप्रतिम योगदान रहा है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी महापुरुषों के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला और उनके दिखाए गए मार्ग तथा सिद्धांतों पर चलने का संकल्प दोहराया। वक्ताओं ने कहा कि आज देश के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए इन महापुरुषों के विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं।

इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुरमीत चावला, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, दाऊलाल चंद्राकर, संजय शर्मा, मनोजकांत साहू, खिलावन बघेल, लक्ष्मी देवांगन, सोमेश दवे, अमन चंद्राकर, वीरेंद्र चंद्राकर, राजेश नेताम, मनोहर ठाकुर, मोती साहू, गोपी तारक, लक्ष्मी सोनी, टोमन सिंह कागजी, कुणाल चंद्राकर, कमल प्रजापति, अनीश राजवानी, लहरी ठाकुर, अनुराग चंद्राकर, रवि साहू, अब्दुल जावेद, मोइन हुसैन, तुलसी देवदास, भानु सोनी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बिरकोनी में श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया माता पहुंचनी का पर्व



**बिरकोनी।** आषाढ़ शुक्ल पक्ष पर ग्राम बिरकोनी में गुरुवार को शीतला मंदिर में माता पहुंचनी का पर्व मनाया गया। इस मौके पर मंदिर में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही भक्तों का आवागमन चलता रहा। मंदिर में समिति के सदस्यों ने एक दिन पहले तैयारी पूर्ण कर ली थी। वहीं प्रातः छह बजे जल अभिषेक व माता को श्रृंगार से सजाया कर माता पहुंचनी का पर्व परंपरा अनुसार विधिविधान से मनाया गया। मंदिर में मेले जैसा आकर्षक माहौल रहा। ग्राम के सभी श्रद्धालुओं ने मंदिर में माथा टेककर पूजा अर्चना कर ग्राम की सुख समृद्धि की कामना की। दोपहर 2 बजे से ठंडई का छिड़काव किया गया। वहीं महिलाओं द्वारा श्रृंगार के साथ चावल, दाल, हल्दी, मिर्ची, नीम पत्ता, फूल, नारियल आदि भेंट किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### केंद्र सरकार की...

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का तत्काल इस्तीफा, देश की परीक्षाओं में हुई अनियमितताओं और विफलताओं पर संसद में तुरंत विशेष चर्चा, नई दिल्ली में छात्रों और आंदोलनकारियों पर दर्ज सभी मुकदमे और एफआईआर की वापसी की मांग शामिल है। प्रदर्शन के दौरान पूर्व प्रदेश प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, जिला प्रभारी महामंत्री लक्ष्मण पटेल, दाऊलाल चंद्राकर, संजय शर्मा, मनोजकांत साहू, शहर महामंत्री निर्मल जैन, लक्ष्मी देवांगन, वीरेंद्र चंद्राकर, राजू यादव, पार्षद मुस्ताक खान विक्की, अमन चंद्राकर, अमर चंद्राकर, देवेश शर्मा, अजय थवाईत, सचिन गायकवाड़, डॉ तरुण साहू, गौरव चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, गोपी तारक, हार्दिक सोना, अनीश राजवानी, मनोहर ठाकुर, राजू साहू, टोमन सिंह कागजी, शकील खान, गुलशन साहू, रिंकू चंद्राकर, राहुल लालवानी, कुणाल चंद्राकर, लक्ष्मी सोनी, आरती महंती, मोती साहू, अनुराग चंद्राकर, रवि साहू, राजेश नेताम, विष्णु चंद्राकर, बिट्टू साहू, चिनु गौतम, दीपक चंद्राकर, कमल प्रजापति, बसंत चंद्राकर, लहरी सिंह ठाकुर, विक्रम साहू, अब्दुल जावेद, आशीष साहू, रामजी साहू, मोइन हुसैन, डिगेश्वर सत्यम, तुलसी देवादास, पुरूषोत्तम दास, धनीराम निर्मलकर, भानु सोनी आदि मौजूद रहे।

## अंधेरे में डूबा कोमाखान का मुख्य मार्ग

**कोमाखान।** नगर का बस स्टैंड इन दिनों अंधेरे में डूबा है। 40-50 पोल के बल्बों में से लगभग आधे बल्ब नहीं जल रहे हैं। जिसके चलते नगर के मुख्य मार्ग में अंधेरा छाया है। बता दें कि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रयास से मुख्य मार्ग का नवनिर्माण के बाद दूधिया रोशनी से नगर को जगमग करने लाइटें लगाई गई। इनमें वर्तमान में आधे बल्बों की रोशनी गायब है। रेलवे क्रॉसिंग गेट से बस स्टैंड होते हुए मुख्य मार्ग (नर्रा व कुलिया चौक तक) नये पोल लगाने के बाद दूधिया रोशनी से जगमग हुआ था। इसके पहले भी ये लाइटें कभी रेलवे गेट से बस स्टैंड तक तो कभी बस स्टैंड से नर्रा, कुलिया मार्ग चौक तक जलती थी। लेकिन, अब पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नही होने के कारण रात में राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के कारण सांप-बिच्छू का डर बना हुआ है। बता दें कि कोमाखान क्षेत्र में आए दिन भालू आते हैं, जिससे लोगों में इसका भी भय बना रहता है। वहीं बस स्टैंड क्षेत्र में अंधेरा होने के कारण रहवासियों समेत व्यापारी वर्ग भी परेशान है। उन्हें चोरी होने की आशंका ज्यादा है। वैसे भी नगर की दुकानों में कई बार चोरियां हो चुकी है। नागरिकों ने स्ट्रीट लाइट की बदहाल स्थिति में शीघ्र सुधार करने की मांग संबंधित विभाग व अधिकारियों से की है।

# किराना व्यापारी एवं एजेंसी संघ की हुई वार्षिक बैठक

**सरायपाली।** किराना एवं एजेंसी संघ की वार्षिक बैठक ओडिशा के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हरिशंकर में हुई। जिसमें व्यापारी एकता पर बल दिया गया और वरिष्ठ किराना व्यापारियों की उपस्थिति में किराना व्यापारी संघ का नया चुनाव सर्वसम्मति से हुआ। जिसमें 3 वरिष्ठजनों को संरक्षक बनाया गया है। घासीराम अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल को नियुक्त किए गए और 8 वर्षों से अध्यक्ष के रूप में सेवा दे रहे नीरज अग्रवाल को फिर से अध्यक्ष, सचिव राजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष विष्णु अग्रवाल, राजेश मित्तल,



कोषाध्यक्ष प्रदीप जैन और कार्यकारिणी में मनोज जैन, नूर मोहम्मद, अजय अग्रवाल रामविलास, देवेंद्र अग्रवाल, राजकुमार साहू, पवन अग्रवाल और रोहित अग्रवाल को सर्वसम्मति से चुने गए। बैठक में सभी व्यापारियों ने आने वाली अपनी समस्याओं और अपने विचार प्रस्तुत किए। कुछ व्यापारियों ने सरायपाली में चिल्हर की समस्या बताई। इस समस्या के लिए संघ ने निर्णय लिया कि अधिकारीगणों से बात करेंगे और जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करेंगे और बैंक वाले हमारे संघ को चिल्हर नोट देते हैं तो हम सभी दुकानदारों को स्वयं वितरित करेंगे।

# नगर पालिका की संवेदनशील पहल, जनसहयोग से घुमंतू पशुओं के लिए बनेगा स्थायी डेरा

## कृषि उपज मंडी में अस्थायी शेड के लिए पत्राचार, डोर-टू-डोर चारा संग्रह और टैगिंग अभियान को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

सड़क पर घूमते आवारा गौवंश से हो रही दुर्घटनाओं और नागरिकों की असुविधा को देखते हुए नगर पालिका परिषद ने संवेदनशीलता के साथ कदम उठाया है। नगर में मानवीय तरीके से गौसंरक्षण और सुव्यवस्थित प्रबंधन के लिए आज 23 जुलाई 2026 को नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण अनौपचारिक बैठक आयोजित की गई। जिसमें नगर के जनप्रतिनिधियों, गौवंश पशु प्रेमी संस्थाओं, गौसेवकों, सामाजिक संगठनों तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और समस्या के स्थायी समाधान पर गहन मंथन किया।



बैठक में सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सबसे पहले यह तय हुआ कि नगर में चलाए जाने वाले विशेष अभियान के तहत पकड़े जाने वाले गौवंश को अस्थायी रूप से तीन माह तक कृषि उपज मंडी परिसर स्थित शेड में रखा जाएगा। इसके लिए जिला कलेक्टर से अनुमति और आवश्यक पत्राचार नगर पालिका द्वारा किया जाएगा। गौवंश के भरण-पोषण को लेकर भी ठोस योजना बनी। नगर पालिका डोर-टू-डोर चारा संग्रह अभियान चलाएगी। साथ ही समस्त नगरवासियों, किसानों, सामाजिक संस्थाओं एवं गौसेवकों से पैरा, भूसा एवं अन्य पशु आहार दान करने की अपील की गई है। साथ ही सब्जी मंडी से प्रतिदिन निकलने वाले उपयोगी सब्जी अपशिष्ट को एकत्रित कर गौवंश के चारे के रूप में उपयोग किया जाएगा। इससे एक ओर शहर की सफाई में मदद मिलेगी। वहीं दूसरी ओर पशुओं को पौष्टिक भोजन उपलब्ध हो सकेगा। गौवंश की पहचान और प्रभावी निगरानी के लिए पकड़े जाने वाले आवारा मवेशियों के कानों में विशिष्ट रंग के टैग लगाए जाएंगे। भविष्य में नगर क्षेत्र के सभी पालतू मवेशियों की टैगिंग सुनिश्चित करने के लिए पशुपालन विभाग के सहयोग से विशेष अभियान भी संचालित किया जाएगा।

बैठक में उपस्थित गौवंश पशु प्रेमी संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों ने नगर पालिका के इस अभियान में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। नगर पालिका परिषद ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं को खुले में न छोड़ें तथा इस जनहित एवं गौसंरक्षण अभियान में चारा, पैरा एवं अन्य सामग्री का दान कर सहभागी बनें। अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने विश्वास जताया कि जनप्रतिनिधियों, प्रशासन, गौसेवकों एवं नागरिकों के संयुक्त प्रयास से आवारा गौवंश की समस्या का प्रभावी एवं मानवीय समाधान निकलेगा।

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी पिथौरा, जिला- महासमुन्द (छ.ग.)**

**// शपथ पत्र //**

मैं सुरेश कुमार जोशी पिता स्व. श्री नवल किशोर जोशी उम्र 53 वर्ष, निवासी बाजार वार्ड क्रमांक 11 झलप, तहसील व जिला- महासमुन्द छ.ग. का निवासी हूँ, जो सत्यनिष्ठा से शपथ पूर्वक कथन करता हूँ :-

1. यह कि मेरा नाम एवं पता उपरोक्तलिखित सत्य एवं सहीं है।

2. यह कि मैं शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे स्वयं एवं मेरे पत्नी संजु जोशी दोनों निवासी बाजार वार्ड क्रमांक 11 झलप जिला- महासमुन्द (छ.ग.) के द्वारा कु. निवेदिता पंडा, जन्म पिता प्रताप, केसरी पंडा को कानून तौर पर दिनांक 12/10/2025 को दत्तक पत्र लिए है, जिसके अनुसार कु. निवेदिता पंडा के हम दोनों कानूनी तौर पर माता- पिता है और निवेदिता पंडा हमारे साथ पुत्री की तरह रह रही है।

3. यह कि मै शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि कु. निवेदिता का आधार क्रमांक 6727 1934 2499 है एवं आधार में निवास स्थाई बाजार वार्ड क्रमांक 11 तहसील झलप जिला महासमुन्द सुधार कर लिया गया है।

4. मैं शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि कुमारी निवेदिता के आधार क्रमांक 6727 1934 2499 में निवेदिता का सरनेम पंडा लिखा हुआ है, जिसे कानूनी तौर पर दत्तक पुत्री बन जाने के कारण उसका नाम व सरनेम पंडा के स्थान पर निवेदिता जोशी पिता सुरेश कुमार जोशी एवं माता का नाम संजु जोशी निवासी बाजार वार्ड क्रमांक 11 झलप, तहसीलं - झलप, जिला महासमुन्द (छ.ग.) आधार कार्ड में एवं अन्य शासकीय कार्यालय में दर्ज किया जावें।

**शपथ कर्ता**

**न्यायालय तहसीलदार महासमुन्द, जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

रा.मा.क्र अ-6 अ वर्ष 2025-26
ग्राम महासमुंद प.ह.नं.-42
तहसील व जिला महासमुन्द

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को ग्राम महासमुंद सूचित किया जाता है कि आवेदिका सतीरानी पिता बिसम्भर लाल ध्रुव निवासी कुम्हारी तहसील आरंग जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम महासमुंद प.ह.नं. 42 रा.नि.मं. महासमुंद तहसील व जिला महासमुंद में स्थित भूमि खसरा नंबर 1796/4 का टुकडा रकबा 2500 वर्गफुट को पंजीकृत बैनामा दिनांक 23/11/2009 को विक्रेता/अनावेदक अमृत चोपडा पिता स्व. चंपालाल चोपडा खुद वो आममुख्तियारसार तरफ से प्रेमचंद चोपडा एवं पारस चोपडा निवासी महासमुंद से क्रय किया गया है। क्रय पश्चात नामांतरण पंजी क्रमांक 104 आदेश दिनांक 12/05/2010 में खसरा नंबर 1796/6 का भाग दर्ज है। नामांतरण पश्चात आवेदिका को खसरा नंबर 1796/15 आबंटित किया गया है जो आनलाईन में विलुप्त है। आवेदिका सतीरानी के द्वारा उक्त भूमि को आनलाईन दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उपरोक्त संबंध में किसी की कोई दावा, आपति हो तो वह दिनांक 06/08/2026 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है, उक्त नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 22/07/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार महासमुंद**

## शिक्षक ने कराया छात्रों को न्यौता भोज कराया फल और नमकीन वितरण



**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला नांदगांव में शिक्षक विनेश कुमार पांडे ने अपने जन्मदिन पर विद्यालय एवं आंगनबाड़ी के बच्चों के लिए स्नेहपूर्वक न्यौता भोज का आयोजन किया। इस दौरान सभी बच्चों को केला, सेब और नमकीन वितरित किया गया। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ न्यौता भोज का आनंद लिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधान पाठिका शीला चंद्राकर, शिक्षक अजय कुमार बंजारे, कमलेश कुमार पटेल, पोखन लाल चंद्राकर एवं लक्ष्मी साहू सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को स्कूल बैग और शिक्षण सामग्री का किया वितरण

**महासमुंद।** सोहम हॉस्पिटल और आस्था वेलफेयर संस्था के संयुक्त तत्वावधान में शहर के पिटियाझर स्थित श्रीराम पाठशाला में शिक्षण सामग्री वितरण कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के जरूरतमंद एवं मेधावी विद्यार्थियों को स्कूल बैग, कॉपियाँ, वाटर बोतल, कंपास बॉक्स और पेन जैसी आवश्यक सामग्रियां भेंट की गईं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. सोमी (डायरेक्टर, सोहम हॉस्पिटल) ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि, बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए, क्योंकि यहीं से हमारे उज्ज्वल भविष्य की नींव तय होती है। विशेष अतिथि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिव्या रंगारी ने अपने प्रेरणादायक संस्मरण साझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही मधु तिवारी (अध्यक्ष) ने विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उत्तीर्ण होने वाले बच्चों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया। संस्था के अध्यक्ष विपिन मोहंती ने विद्यार्थियों को मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा की राह में आने वाली हर चुनौती को पार करके ही सफलता हासिल की जा सकती है। कार्यक्रम का संचालन सचिव अर्चना शर्मा तथा लक्ष्मी मानिकपुरी ने किया। आभार प्रदर्शन भावना गांधी ने किया।



# दिल्ली का आंदोलन अपनी मूल दिशा से भटका : डॉ चोपड़ा

**महासमुंद।** पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि दिल्ली में चल रहा आंदोलन अब अपने मूल उद्देश्य से भटक चुका है। प्रारंभ में जिस मुद्दे को लेकर आंदोलन शुरू हुआ था, अब उसकी जगह लगातार ऐसे घटनाक्रम सामने आ रहे हैं, जिनसे यह आंदोलन सनातन विरोधी स्वरूप लेता दिखाई दे रहा है। आंदोलन में वामपंथी विचारधारा से जुड़े लोग तथा धर्म विशेष के लोग घुसकर इसे नई दिशा देने का प्रयास कर रहे हैं। आंदोलन के दौरान भगवान श्रीराम का अपमान, हिंदू समाज के आराध्य प्रतीकों का अनादर तथा एक धर्म विशेष का गुणगान जैसी बातें सामने आ रही हैं। इससे सनातन को मानने वाले करोड़ों लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और उनके मन में स्वाभाविक आक्रोश है। किसी भी आंदोलन को अपनी मूल भावना और उद्देश्य से भटकने नहीं देना चाहिए।



उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा से जुड़े विषय पर केंद्र सरकार लगातार कार्रवाई कर रही है। दोबारा (री-नीट) परीक्षा आयोजित की जा चुकी है तथा पेपर लीक के मामलों में जांच और आवश्यक सुधार की प्रक्रिया भी जारी है। सरकार इस विषय पर चर्चा और सुधार के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन किसी व्यक्ति का इस्तीफा इस समस्या का समाधान नहीं हो सकता।

डॉ. चोपड़ा ने आरोप लगाया कि कुछ देश विरोधी ताकतें सनातन और भारतीय संस्कृति के विरुद्ध माहौल बनाकर उस सरकार को अस्थिर करना चाहती हैं, जिसने सनातन और भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं सम्मान के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्व अपने मंसूबों में कभी सफल नहीं होंगे, क्योंकि देश की जनता सब कुछ देख और समझ रही है। प्रधानमंत्री जैसे संवेदनशील आवास के बाहर जिस प्रकार का प्रदर्शन और अव्यवस्था फैलाई गई, उससे कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती थी। देश के सर्वोच्च संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों की सुरक्षा से जुड़े विषयों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच चल रही राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में आम आदमी पार्टी को नीचा दिखाने के उद्देश्य से कांग्रेस अलग से प्रदर्शन कर रही है।

















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# आठवीं पुण्यतिथि स्मरण



जन्म
15 जुलाई 1978

## स्वर्गीय राकेश यादव जी

निर्वाण
24 जुलाई 2018

आज 24 जुलाई को सर्वप्रिय स्व.राकेश यादव जी की आठवीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि एवं शत्-शत् नमन...

यादें कभी मिटती नहीं, समय उन्हें धुंधुला नहीं कर पाता,
जो दिलों में बस जाते हैं, उन्हें संसार कभी भुला नहीं पाता।
आपकी सादगी, मुस्कान और नेक कर्म सदा प्रेरणा बनकर रहेंगे,
ईश्वर आपके पावन आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

**श्रदानवत**

खल्लारी विधायक एवं जिलाध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी महासमुंद द्वारिकाधीश यादव, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मुकेश यादव, हरिश यादव, घनश्याम यादव, आत्माराम यादव, तुलसीराम यादव, कमल यादव, आकश मोहंती, जिला उपाध्यक्ष, महासमुंद (छतीसगढ़) गीतेश चौधरी, मेघराज साहू उपाध्यक्ष, खल्लारी विधानसभा, पिथौरा ब्लॉक अध्यक्ष यूथ कांग्रेस कौशल रोहिल्ला, बसना विधानसभा उपाध्यक्ष खिलेश ठाकुर, पिथौरा यूथ कांग्रेस उपाध्यक्ष राजा कोसरिया, नरेश नेताम, यशवंत साहू, जिला उपाध्यक्ष, एन.एस.यू.आई भोजराज पटेल, विक्की गुप्ता, बसना विधानसभा यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष कौशल रोहिल्ला, नगर पंचायत पिथौरा के पार्षद प्रफुल्ल राजपूत, नगर पंचायत पिथौरा पार्षद हेमलता सागर निषाद, नगर पंचायत पिथौरा के प्रत्याशी पार्षद नवनीत निषाद, जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस दुर्गा सागर, ब्लॉक अध्यक्ष लता ठाकुर,महिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस चैतन्य साहू जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस खिलेश ठाकुर जिला महासचिव महासमुंद विक्की गुप्ता बसना विधानसभा उपाध्यक्ष गीतेश चौधरी बसना विधानसभा उपाध्यक्ष साजिद खान, बसना विधानसभा महासचिव दीपक प्रधान, पिथौरा युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष प्रियांशु रंजन कोसरिया, बसना विधानसभा सचिव जनक ठाकुर, जगमोहन ठाकुर, क्रिश साहू, श्रवण शर्मा, शेखर ठाकुर, धीरज सिन्हा, दादू साहू, दीपक श्रीवास्तव, भोजराज पटेल, शिवम बारीक, गोलू सेन, बसंत बारिहा, बजरंग महाजन उपाध्यक्ष खल्लारी विधान सभा मेघराज साहू, बसना विधान सभा उपाध्यक्ष नरेश नेताम यशवंत साहू,

**आपकी स्मृत्तियाँ हमारे लिए प्रेरणा हैं, आपका व्यक्तित्व हमारे लिए मार्गदर्शक है...**

## खबर संक्षेप




### सोहम हास्पिटल में हृदय रोग जांच आज

**महासमुंद।** ग्राम लभराखुर्द स्थित सोहम हास्पिटल में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सुलभ चंद्राकर 24 जुलाई को सुबह 11 बजे से 1 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। जिसमें लैब टेस्ट, इको, ईसीजी टेस्ट का लाभ ले सकते हैं। हृदय रोग के छाती में दर्द होना, बार-बार सांस फूलना, बीपी हाई होना, चक्कर आना या धड़कन कम या तेज होना आदि लक्षण होते हैं।

### कॉलेज में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कल से

**महासमुंद।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों के समस्त स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय ऑनलाइन पोर्टल 25 जुलाई से 14 अगस्त तक खोली जा रही है। विवि द्वारा प्रवेश तिथि में बढ़ोत्तरी की गई है। जिसके तहत चतुर्थ चरण में महाविद्यालय में प्रवेश लेने की तिथि 26 जुलाई से 31 जुलाई, पंचम चरण में 02 अगस्त से 06 अगस्त, पष्ठम चरण में महाविद्यालय में प्रवेश लेने की तिथि 07 अगस्त से 14 अगस्त तक ऑनलाइन पोर्टल आवेदन के लिए खुला रहेगा।

### अज्ञात मृतक का अंतिम संस्कार

**महासमुंद।** खरोरा और बेलसोंडा स्टेशन के 21 जुलाई को बीच ट्रेन से कट कर मौत हो गई। उक्त बुजुर्ग की उम्र तकरीबन 60 वर्ष बताई जा रही है। शिनाख्त नहीं होने पर उक्त अज्ञात शव को अंतिम संस्कार के लिए पुलिस ने मुक्तिधाम सेवा समिति को सौंपा। जिस पर समिति के डॉ जितेंद्र शुक्ला, ओम प्रकाश औसर, फगुआ पटेल, सुरेश साहू, राजू चंद्राकर, डॉ एजाज नकवी, मनोज पटेल, गुमान, संजय साहू, संतोष साहू द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए अज्ञात शव का विधिपूर्वक अंतिम संस्कार किया।




### पत्रकार सुरक्षा सेवा समिति का विस्तार

**बसना।** पत्रकार सुरक्षा सेवा समिति (ऑल इंडिया रजि.) के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद कुमार दुबे ने संगठन का विस्तार करते हुए की गई महत्वपूर्ण नियुक्तियों में भिलाई के पत्रकार हनु नायक को समिति का प्रदेश अध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) नियुक्त किया है। इसी क्रम में ऋषिकेशन दास को प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति पत्र जारी करते हुए दुबे ने विश्वास जताया है कि हनु नायक और ऋषिकेशन दास अपनी नई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा और कर्तव्यपरायणता के साथ निर्वहन करेंगे। नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों और पत्रकारों ने हर्ष जताया है।

**बैठक :** दिव्यांगजनों द्वारा तैयार किए सामग्रियों का भी प्रदर्शन किया गया

# दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने शासन की योजनाओं का दिलाएं लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया दिव्यांगजनों से हुए रूबरू




छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम, समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत दिव्यांगजनों के आर्थिक सशक्तिकरण, कौशल विकास एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन शाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। बैठक में कलेक्टर विनय लंगेह, प्रबंध संचालक डॉ. पंकज वर्मा, समाज कल्याण विभाग की उप संचालक संगीता सिंह सहित दिव्यांगजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया ने दिव्यांगजनों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। बैठक में दिव्यांगजनों द्वारा तैयार किए सामग्रियों का भी प्रदर्शन किया गया।

बैठक में दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया ने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से दिव्यांगजनों को रियायती ब्याज दर पर स्वरोजगार हेतु ऋण, समय पर ऋण चुकाने पर ब्याज सब्सिडी तथा कौशल विकास प्रशिक्षण जैसी अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने दिव्यांगजनों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर स्वयं का रोजगार स्थापित करने और आर्थिक रूप से सशक्त बनने का आह्वान किया।

प्रबंध संचालक डॉ. पंकज वर्मा ने निगम की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले पात्र हितग्राहियों को परियोजना की आवश्यकता के अनुसार 10 लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही समय पर ऋण अदायगी करने वाले हितग्राहियों को ब्याज सब्सिडी का लाभ भी दिया जाता है। उन्होंने कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं विशिष्ट उद्यमी मित्र तथा विशिष्ट प्रशिक्षण मित्र की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। कलेक्टर विनय लंगेह ने कहा कि जिला प्रशासन दिव्यांगजनों के सर्वांगीण विकास एवं उनके आर्थिक सशक्तिकरण के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध ढंग से पहुंचाने तथा अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को स्वरोजगार से जोड़ने के निर्देश दिए।

उपसंचालक समाज कल्याण संगीता सिंह ने बैठक में बताया कि अब तक 218 दिव्यांगजनों को लगभग 6 करोड़ 80 लाख रुपए का ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है, जिससे अनेक हितग्राही स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बने हैं।

## मातृभूमि की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं : उमेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आजाद का व्यक्तित्व ही ऐसा था कि अंग्रेज उनके नाम से भी थर-थर कांपते थे। उनकी मूछों का ताव और अदम्य साहस युवाओं के लिए प्रेरणा बन गया। उन्होंने देश को सिखाया कि गुलामी की बेड़ियों को गिड़गिड़ाकर नहीं, बल्कि अपने अधिकार और साहस से तोड़ा जाता है। मातृभूमि की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है और उसके लिए मिट जाना ही सबसे बड़ी पूजा है। उक्त उक्त बातें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खरोरा में चंद्रशेखर आजाद जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधान पाठक उमेश भारती गोस्वामी ने कही। उन्होंने कहा कि आजाद ऐसे भारत का निर्माण करना चाहते थे जहाँ किसी को भी अपने अस्तित्व के लिए किसी दूसरे पर निर्भर न रहना पड़े और हर नागरिक को समानता व न्याय मिले। उनका कहना था कि आजाद था, आजाद हूं, आजाद रहूंगा और आजाद ही मरूंगा और अंत तक वे आजाद ही रहे। संस्था प्रमुख ने काकोरी घटना, सांडर्स वध और एसेंबली बम कांड की जानकारी दी तथा आजाद के जीवन मूल्यों, अदम्य साहस और स्वाभिमान पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। समारोह में शिक्षिका रामेश्वरी ध्रुव, मोना चंद्राकर, शांत्रीबाई महाविद्यालय के छात्राध्यापकगण तथा शाला के बाल संसद के मंत्रिमंडल के सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन तनूजा टंडन तथा आभार प्रदर्शन पायल ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शालेय विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

## छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करने का प्रावधान संविधान में हो : आलोक

### छात्र-छात्राओं पर केंद्र सरकार के बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज घोर निंदनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ जीव जंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष व कांग्रेस के प्रदेश संयुक्त महामंत्री आलोक चंद्राकर ने नीट पेपर लीक मामले में केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वाले छात्र-छात्राओं पर हुई बर्बरता की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि यह घटना न केवल लोकतंत्र पर हमला है, बल्कि देश के नौजवानों और बेटियों के भविष्य तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलने का प्रयास है। जब लाखों छात्र और छात्राएं अपने भविष्य को लेकर सड़कों पर उतरकर न्याय मांग रहे थे, तब केंद्र सरकार और उसके इशारे पर काम करने वाले तंत्र ने संवाद की जगह दमन को चुना। पेपर लीक के कारण पूरे देश में परीक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता समाप्त हो गई है। करोड़ों परिवारों ने अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए कर्ज लिए, कोचिंग की फीस भरी और रात-दिन मेहनत की, लेकिन सरकार की लापरवाही के कारण सब कुछ दांव पर लग गया। चंद्राकर ने कहा कि इससे भी ज्यादा शर्मनाक यह है कि पीड़ित छात्र-छात्राओं के खिलाफ ही आपराधिक एफआईआर दर्ज की गई है। यह तानाशाही रवैया किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस पर तत्काल सभी झूठे मुकदमे वापस लिए जाएं, घायल छात्र-छात्राओं को उचित इलाज और मुआवजा दिया जाए तथा इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए। उन्होनें कहा कि छात्रों के सपनों से खेलने वालों को अब बचना नहीं चाहिए।



## अरंड में मनाया गया माता पहुंचनी का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

ग्राम अरंड में माता पहुंचनी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शीतला मंदिर में पहुंचकर ग्रामीणों ने विशेष पूजा अर्चना की। इसके पूर्व जस गीत के साथ नगर भ्रमण किया गया। गलियों से होते शीतला मंदिर पहुंचे। जहां ग्राम के बैगा विश्वनाथ ध्रुव ने पूजा अर्चना कर ग्रामीणों की सुख, शांति एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। इस दौरान ग्राम के सरपंच डिगंबर पटेल, उपसरपंच युवराज पटेल, शिवचरण ध्रुव, देवराज सिंह ठाकुर, कार्तिक राम पटेल, कौतूक पटेल, गंगाधर निर्मलकर, प्रीतम पटेल, हुसन लाल निर्मलकर, दीनबंधु पटेल, रोहित कुमार पटेल, दिनेश दुबे, हेमलाल ध्रुव, हेम सिंह साहू, गौरी पटेल, कामिनी बाई निर्मलकर, सेत बाई ध्रुव, कृष्णा बाई ध्रुव, कालिंद्री बाई साहू, सविता बाई साहू आदि मौजूद रहे।



## जर्जर सड़कें और गुणवत्ताहीन निर्माण पर जताई आपत्ति, आप ने सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी ने प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर, प्रदेश संयुक्त सचिव संजय यादव, जिलाध्यक्ष राकेश झाबक, राजेश तिवारी और कादिर चौहान के नेतृत्व में अपर कलेक्टर रवि साहू को जिले में बदहाल सड़कों, गुणवत्ताहीन निर्माण कार्यों तथा विकास कार्यों में लगातार हो रही अनियमितताओं को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए ज्ञापन सौंपा।

जिले की सभी जर्जर एवं गड्ढायुक्त सड़कों की तत्काल मरम्मत कराई जाए। गुणवत्ताहीन निर्माण कार्यों की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कर दोषी ठेकेदारों के साथ-साथ संबंधित अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाए। जिन निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की कमी पाई गई है, उन्हें निर्धारित मानकों के अनुसार दोबारा कराया जाए। सड़क निर्माण एवं विकास कार्यों में पारदर्शी मॉनिटरिंग, गुणवत्ता परीक्षण और जवाबदेही की स्थायी व्यवस्था लागू की जाए। आम आदमी पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि जनता की सुरक्षा और विकास कार्यों में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो पार्टी जनता के साथ मिलकर व्यापक जनआंदोलन शुरू करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।



### बंसुला स्कूल में बाल कैबिनेट का हुआ गठन

**बसना।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बंसुला में बाल कैबिनेट का गठन प्रधान पाठक प्रवीर कुमार बेहेरा, दिनेश डड़सेना की उपस्थिति तथा शिक्षक राजेश भोई के नेतृत्व में किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से खेमराज साव माध्यमिक विभाग तथा प्राथमिक विभाग से सौम्य दीप बेरा को निर्वाचित किया गया। इसके पश्चात अन्य विभागों का बंटवारा किया गया। जिसमें उपप्रधानमंत्री ममता साहू, समारु लाल, खेलकूद नेहा साव, सैमुएल, संस्कृतिक याचना साव, रेणुका साव, भोजन सोनिया, प्रतीक, चितरंजन, स्वच्छ्ता ओम, भुवन, मयंक, रितेश, बागवानी समारू लाल, गीतांजलि, रिशु, छाया, पुस्तकालय खुशबू, मानशि, देविका, जूही, प्रार्थना लीलांद्री, भावना, श्रद्धा, वित्त मंत्री अंशिका, भूमि नायक, शर्मिष्ठा, स्वास्थ्य मंत्री रिद्धि, आरुषि, जोया, नीतू नाग दिया गया। पश्चात सभी पदाधिकारियों को शिक्षक भोई द्वारा अपने दायित्व को कैसे पूरा करना है विस्तारपूर्वक बताया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक गण सुजाता प्रधान, मंदाकिनी प्रधान, राजेश साव, अनिता साहू, सीता साहू, पुष्पांजलि बगर्ती, अनुकृति साव उपस्थित थे।



## रजिंदर बने भारत स्काउट-गाइड्स छत्तीसगढ़ के प्रदेश मीडिया प्रभारी

**पिथौरा (ग्रामीण)।** भारत स्काउट एवं गाइड्स छग के मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा स्थानीय पत्रकार एवं भाजपा नेता रजिंदर खनूजा को भारत स्काउट एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ का प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। नियुक्ति पर खनूजा ने प्रदेश आयुक्त खालसा, भाजपा संगठन के सारंगढ़-बिलाईगढ़ प्रभारी शंकर अग्रवाल, सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी के अनुरूप वे मीडिया कार्यों के लिए पूरी निष्ठा एवं तत्परता से कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति पर भाजपा नेता प्रीतराम सूर्य, नगर पंचायत अध्यक्ष देवसिंह निषाद, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक वेदप्रकाश गोयल, रैदास गोयल, लक्ष्मीकांत सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, शशि डडसेना, पार्षद मन्नू ठाकुर, संदीप सेन, प्रेम राजन रौतिया, संतोष डडसेना, रामकुवर डडसेना, पुष्पकांत पटेल, कौशल दास मानिकपुरी, एल्डरमैन नरेश सिंघल, सतप्रीत विक्की सलूजा, किशोर पटेल, प्यारी लाल नायक, अजय नायक, त्रिलोक आजमानी, रविंदर आजमानी, पत्रकार रमेश सिन्हा, पवन गुप्ता, ललित मुखर्जी एवं ताराचंद पटेल सहित पत्रकारों और भाजपा नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया।



